NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-197, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 22 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## धार भोजशाला मामले में सुप्रीम निर्देश

# 'सूर्योदय से सूर्यास्त तक प्रार्थना कर सकेंगे'



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बसंत पंचमी के दिन धार में विवादित भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदुओं को प्रार्थना करने की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को भी शुक्रवार के दिन दोपहर 1 बजे से लेकर 3 बजे तक नमाज पढ़ने की इजाजत दी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम दोनों पक्षों से अपील करते हैं कि वे आपसी सम्मान और सहयोग बरकरार रखें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य और जिला प्रशासन को कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा कि कल दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज के लिए आने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों की संख्या जिला प्रशासन को बता दी जाए, पीठ ने कहा कि ये संख्या जिला प्रशासन को आज ही बता दी जाए। प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजशाला आने वालों के लिए पास जारी कर सकता है या कोई और सही तरीका अपना सकता है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

### मुस्लिम पक्ष भी दोपहर एक बजे से 3 बजे तक कर सकता है नमाज



**सुप्रीम कोर्ट क्यों पहुंचा विवाद?**

हिंदू पक्ष ने 20 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें मांग की गई है कि बसंत पंचमी के पूरे दिन धार भोजशाला में अखंड सरस्वती पूजा की अनुमति दी जाए। बसंत पंचमी इस साल शुक्रवार के दिन पड़ रही है और शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोग धार भोजशाला में जुमे की नमाज पढ़ते हैं। यही वजह है कि ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया था।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

विवाद की स्थिति को देखते हुए धार शहर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। शहर में 8 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है।

# सिंहपुरा इलाके में फिर मुठभेड़

## सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच फायरिंग



**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों और छिपे हुए आतंकवादियों के बीच एक ताजा मुठभेड़ की खबर है। फिलहाल, मुठभेड़ के संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। सुरक्षाबल आतंकवादियों को पकड़ने या उनका सफाया करने के लिए ऑपरेशन चला रहे हैं। जिला किश्तवाड़ के उपमंडल छात्रू के सिंहपुरा इलाके में आज लगातार पांचवें दिन चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान एक बार फिर आतंकियों से संपर्क होने की खबर है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच दोबारा कॉन्टेक्ट स्थापित हुआ, जिसके बाद दोनों ओर से गोलाबारी शुरू हो गई। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

# छत्तीसगढ़ः क्लिनिकल फर्नेस के ब्लास्ट में छह मजदूरों की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार भाटापारा जिले के बलौदाबाजार में इस्पात संयंत्र में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ। क्लिनिकल फर्नेस के दौरान ब्लास्ट होने में छह मजदूरों की मौत हो गई है। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं।



घायलों को पहले भाटापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं भेजा गया। फिर प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी मच गई। यह घटना भाटापारा ग्रामीण थाने क्षेत्र के ग्राम बकुलाही स्थित प्लांट की है।

पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में लगी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे की सूचना पर बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी समेत पुलिस बल के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर सोनी और एसपी भावना गुप्ता ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और पांच घायल हुए हैं।



# सांसद के भतीजे ने पत्नी को गोली मारी, फिर खुदकुशी की

## दोनों के बीच झगड़ा, 2 महीने पहले हुई थी शादी

**अहमदाबाद।** गुजरात से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नेता शक्तिसिंह गोहिल के भतीजे और सरकारी अधिकारी यशराज सिंह गोहिल ने पत्नी की हत्या करके आत्महत्या कर ली। यशराज की शादी दो महीने पहले ही हुई थी। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात दंपति के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद यशराज ने पत्नी को गोली मार दी। फिर 108 पर कॉल करके एंबुलेंस को बुलाया। जब डॉक्टर्स ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया तो यशराज ने भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

यशराज सिंह गुजरात समुद्री बोर्ड में अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उन्हें हाल ही में क्लास 2 से क्लास 1 अधिकारी के रूप में प्रमोट किया गया था। जजेस बंगलो रोड स्थित एनआरआई टावर, जहां यशराज और राजेश्वरी रहते थे। जजेस बंगलो रोड स्थित एनआरआई टावर, जहां यशराज और राजेश्वरी रहते थे।

यशराज की मां दूसरे कमरे में थीं वस्त्रापुर पुलिस और क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही हैं। घटना के बाद एनआरआई टावर के गेट बंद कर दिए गए हैं। पुलिस तैनात है। फ्लैट में रहने वालों के अलावा किसी



को भी अंदर जाने की परमिशन नहीं है। घटना के समय यशराज की मां दूसरे कमरे में ही मौजूद थीं। लेकिन, उन्हें हत्या-आत्महत्या की बात एंबुलेंस आने के बाद ही मालूम हुई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दोनों के बीच झगड़े का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

**दावा- रिश्तेदार के घर से लौटे तो बहस और मारपीट हुई थी**

परिवार के मुताबिक यशराज और राजेश्वरी बुधवार की रात एक रिश्तेदार के घर डिनर पर गए थे। वहां से लौटने के बाद दोनों के बीच किसी बात पर बहस हुई। बहस इतनी बढ़ी कि यशराज ने पत्नी से मारपीट की, फिर लाइसेंसी बंदूक से उसे गोली मार दी।

# मुरादाबाद में प्रेमी युगल की पीट-पीट कर हत्या, तनाव

**मुरादाबाद।** जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां पाकबड़ा थाना क्षेत्र के उमरी सब्जीपुर गांव में युवक और युवती को पीट-पीटकर मार दिया गया। दोनों अलग-अलग समुदाय के थे और दो साल से इनके बीच प्रेम संबंध था। रविवार की रात को अरमान (27) अपनी प्रेमिका काजल (20) से मिलने पहुंचा था। युवती के घर वालों ने पकड़ लिया। पहले युवक की पीटकर हत्या कर दी और फिर युवती को भी मार डाला।

इसके बाद दोनों के शवों को बोरी में बंद कर करीब दो किलोमीटर दूर बाबा नीम करौली के मंदिर के पास गागन नदी के किनारे ले गए और वहां दबा दिया। पुलिस का कहना है कि अरमान के पिता ने सूचना दी थी कि उनका बेटा लापता है। पड़ोसी परिवार पर शक जताया था। इसी आधार पर पुलिस ने पड़ताल शुरू की और युवती के पिता और भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद घटना का खुलासा कर दिया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण गांव में पुलिस और पीएसी बल तैनात कर दिया गया है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि पाकबड़ा के उमरी सब्जीपुर निवासी मो. हनीफ के



पांच बेटों में तीसरे नंबर के बेटे अरमान का गांव निवासी गनपत सैनी की बेटी काजल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अरमान रविवार की रात करीब साढ़े नौ बजे काजल से मिलने उसके घर पहुंच गया था। इसी दौरान उसके तीन भाइयों, मां और पिता ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों की जमकर पिटाई की। लाठी डंडे से हमला किया, सिर पर फावड़ा मारकर दोनों की हत्या कर दी। रात में ही दोनों के शवों को गागन नदी किनारे गड्ढा खोदकर दबा दिया। मो. हनीफ की तहरीर पर तीन भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना की जानकारी मिलने पर एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार, सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता, सीओ हाईवे राजेश कुमार कई थानों की फोर्स और पीएसी बल के साथ गांव में पहुंच गए और युवती के भाइयों और पिता को हिरासत में लेकर मौके पर पहुंची और शव बरामद कर लिए हैं। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से नमूने लिए हैं। एसपी सिटी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

मो. हनीफ का बेटा अरमान टाइल्स मार्बल्स लगाने का काम करता था। उसके पड़ोस में रहने वाली काजल ने 2023 में 12वीं कक्षा पास की थी। इसके बाद सब्बीपुर गांव स्थित निजी स्कूल में पढ़ाने लगी थी।

रविवार की रात करीब 12 बजे काजल और अरमान की जमकर पिटाई की गई थी। इस दौरान आसपास के लोगों ने चीखें सुनी थी लेकिन ठंड होने के कारण लोग अपने घरों से बाहर नहीं आए और उन्होंने सोचा कि दोनों भाई शराब के नशे में लड़ रहे हैं।

अरमान के परिवार के लोगों का आरोप है कि घटना में युवती के तीनों भाई समेत छह लोग शामिल रहे हैं। उन्होंने छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी लेकिन बाद में पुलिस ने तहरीर बदलवा दी है। अब तहरीर में युवती के तीनों भाइयों को आरोपी बनाया गया है।

# 1984 के सिख विरोधी दंगेः सज्जन कुमार बरी, राउज ऐवन्यू कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली।** 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े जनकपुरी, विकासपुरी हिंसा मामले में राउज ऐवन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार को बरी कर दिया है। इस मामले में आरोपी पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार ने अपने बचाव में कहा था कि वह निर्दोष हैं, और कभी इसमें शामिल नहीं थे और न ही सपने में भी शामिल हो सकते हैं। सज्जन कुमार ने कहा था कि मेरे खिलाफ एक भी सबूत नहीं है। बता दें कि जनकपुरी, विकासपुरी की इस हिंसा के मामले मे दो लोगों को मौत हुई थी।

पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को जब कोर्ट ने बताया कि उन्हें 1984 के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में बरी कर दिया गया है, तो सज्जन कुमार ने दोनों हाथ जोड़कर कोर्ट का शुक्रिया अदा किया। सज्जन कुमार के वकील ने जानकारी दी है कि आज इस मामले मे उन्हें बरी कर दिया गया है। सज्जन कुमार की प्रेजेंस इस केस में साबित हो पाई है। 36 साल बाद सज्जन सिंह का नाम इस केस में डाला गया था। 1984 में जनकपुरी और विकासपुरी में हुए दंगे के मामले में सज्जन कुमार आरोपी थे। मामला जनकपुरी और विकासपुरी पुलिस स्टेशनों में दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। जनकपुरी का मामला 1 नवंबर, 1984 को दो सिखों, सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या से संबंधित है। दूसरा मामला विकासपुरी पुलिस स्टेशन में 2 नवंबर, 1984 को गुरचरण सिंह को जलाने के मामले में दर्ज हुआ था। सात जुलाई को अपना बयान दर्ज कराते समय पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया था।

# 'क्यों ना मेले में आपकी एंट्री हमेशा के लिए बैन कर दें?'

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मिला नया नोटिस



**प्रयागराज।** माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मौनी अमावस्या के दिन स्नान के लिए अपने काफिले के साथ जाने के वक्त उन्हें मेला पुलिस-प्रशासन ने कथित रूप से रोका था, उसी के बाद से विवाद जारी है। और इस बीच, मेला प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को दूसरा नोटिस भेजा है। नए नोटिस में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से पूछा गया है कि क्यों ना आपकी संस्था को दी जा रही भूमि एवं सुविधाओं को निरस्त करके आपको हमेशा के लिए मेले में प्रवेश से बैन कर दिया जाए।

बता दें कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण की तरफ से नोटिस जारी करके कहा गया है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मौनी अमावस्या पर अपनी बग्घी पर सवार होकर भीड़ के साथ रिजर्व पुल संख्या 2 पर लगे बैरियर को तोड़ते हुए जा रहे थे। उस वक्त स्नानार्थियों की भीड़ बहुत ज्यादा थी और तब सिर्फ पैदल आवागमन की इजाजत थी। नोटिस के अनुसार, इसकी वजह से मेला पुलिस और मेला प्रशासन को भीड़ मैनेजमेंट में बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के इस तरह एंट्री करने से भगदड़ होने और उससे बड़ी जनहानि होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था। मेला प्रशासन के नोटिस में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से पूछा गया कि आपके इस कृत्य की वजह से क्यों ना आपकी संस्था को दी जा रही जमीन और सुविधाओं को निरस्त करके आपको हमेशा के लिए मेले में एंट्री से बैन कर दिया जाए।

# ट्रम्प बोले- ग्रीनलैंड चाहिए, लेकिन ताकत इस्तेमाल नहीं करेंगे

**दावोस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के प्लान को दुनिया के सामने सही ठहराया है। उन्होंने बुधवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा अमेरिका के अलावा कोई और देश नहीं कर सकता। हालांकि पहली बार ट्रम्प ने यह कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए अमेरिका ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा। इस पर कब्जे का विरोध करने के लिए उन्होंने डेनमार्क को अहसान फरामोश कहा।

उन्होंने शिकायती लहजे में कहा कि वे बस एक बर्फ का टुकड़ा चाहते हैं जिसे यूरोप देने को तैयार नहीं है।




अमेरिका इसे हमेशा याद रखेगा। ट्रम्प ने कहा कि यूरोप गलत दिशा में जा रहा है। ट्रम्प ने फ्रांस, कनाडा जैसे देशों की भी आलोचना की। उन्होंने सोमालिया के लोगों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और कहा कि वे 'कम बुद्धि वाले' और 'समुद्री डाकू' हैं।

भाषण के बाद ट्रम्प ने इंडियन मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी की तारीफ की और उन्हें अपना दोस्त बताया। ट्रम्प ने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका में जल्द एक अच्छा व्यापार समझौता होने वाला है।

यूरोपीय संसद की ट्रेड कमेटी यूरोपीय संसद के एक अहम समूह ने ट्रम्प के भाषण के बाद अमेरिका-यूरोप व्यापार समझौते को मंजूरी देने पर होने वाली वोटिंग रोक दी।

यूरोपीय संसद की व्यापार समिति के अध्यक्ष बर्न्ड लैंगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी। फिलहाल यह साफ नहीं है कि दोनों देशों के बीच होने वाला पूरा व्यापार समझौता रद्द हो गया है या फिर जो हिस्से पहले से लागू हो चुके हैं, वे वैसे ही चलते रहेंगे। यूरोपीय यूनियन और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर ट्रेड डील पर जुलाई में सहमति बनी थी।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा ब्रज

www.nnindianews.com

गुरुवार, 22 जनवरी, 2026



# मथुरा में एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में लगी भीषण आग

## धू-धू कर जली, खिड़की-दरवाजे से कूदे यात्री

एनएनआई

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में भीषण आग लग गई। आग लगते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार के बीच यात्रियों ने खिड़की-दरवाजों से कूदकर जान बचाई। स्लीपर बस बांदासे दिल्ली जा रही थी। बस में 40 यात्री सवार थे।

हादसा गुरुवार सुबह 5.15 बजे राया थाना क्षेत्र के एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 110 के पास हुआ। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एक्सप्रेस-वे की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने में जुट गई। फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया।

शुरूआती जांच में आग लगने का कारण टायर फटना बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया- सभी यात्री सुरक्षित हैं। उन्हें दूसरी बस में बैठाकर भेज दिया गया है। बता दें कि बस (वढ 90 अळ 8837) बांदा में राज कल्पना, संस्कार ट्रैवल्स के नाम पर रजिस्टर्ड है। बस में 20 पुरुष, 10 महिलाएं और 10 बच्चे सवार थे। राया थाना प्रभारी रवि भूषण शर्मा के अनुसार-यात्रियों ने बताया- बस बुधवार शाम को बांदा से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। उसमें दो ड्राइवर और एक कंडक्टर था। बस करीब 5 बजे बस मथुरा के राया थाना इलाके में पहुंची। अधिकांश यात्री सो रहे थे।







तभी तेज धमाके की आवाज से उनकी नींद खुली। देखा तो गाड़ी के अंदर धुंआ भरा था।

**आग लगते ही ड्राइवर और कंडक्टर यात्रियों को छोड़कर भागे**

ड्राइवर ने धुंआ निकलते देख बस को रोड पर खड़ी कर दिया। कंडक्टर को लेकर नीचे उतरा। देखा तो बस के पिछले हिस्से में आग लगी हुई थी। ऊंची- ऊंची लपटें उठ रही थीं।

ड्राइवर और कंडक्टर बस को खड़ी करके भाग गए। यात्रियों के काफी आवाज लगाने के बाद भी जब वापस नहीं आए तो एक यात्री ड्राइवर की सीट का दरवाजा खोलकर नीचे उतरा।देखा तो बस धू-धू कर जल रही थी। उसने शोर मचाया। आग लगने के बारे में पता चलते ही यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। एक-करके सभी यात्री नीचे कूदने लगे। थोड़ी ही देर में बस को आग ने पूरी तरह से चपेट में ले लिया। बस में रखा यात्रियों का सारा सामान जल गया।

# जलेसर में मिट्टी की ढेर गिरने से महिला की मौत, दो अन्य घायल



एनएनआई

**आगरा।** जिले के जलेसर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमो में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जिसमें मिट्टी खोदते समय अचानक ढेर (ढाय) गिर जाने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी के अनुसार, ग्राम जमो निवासी कुसमा देवी पत्नी राजेंद्र सिंह (उम्र 40 वर्ष) चिकनी मिट्टी के गड्ढे में मिट्टी निकालने गई थीं। उनके साथ एक बेटी निशा और गांव के ही राजेश भी मौजूद थे। सुबह करीब 11:15 बजे अचानक मिट्टी की बड़ी ढेर ढह गई, जिसके नीचे तीनों दब गए।स्थानीय लोगों ने तुरंत सूचना दी और राहत कार्य शुरू किया। कुसमा देवी को बाहर निकाला गया, लेकिन उन्हें मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। घायल निशा और राजेश को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु आगरा रेफर कर दिया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी सुश्री भावना विमल तत्काल मौके पर पहुंचीं और स्थिति



का जायजा लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है तथा अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। प्रशासन ने राहत कार्यों को तेज करने के साथ ही घटना के कारणों की गहन जांच के निर्देश दिए हैं। ऐसे हादसे ग्रामीण इलाकों में मिट्टी खोदने या गड्ढों में काम करते समय अक्सर देखे जाते हैं, जहां ढीली मिट्टी के कारण अचानक ढेर गिरने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरा शोक जताया है और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।प्रशासन से अपील की जा रही है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जाए और सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

# अश्लील वीडियो इंटरनेट पर वायरल करने वाले गैंग का भंडाफोड़, 3 आरोपी गिरफ्तार

एनएनआई

**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में पंडा बनकर दर्शन कराने के बहाने युवतियों को जाल में फंसाने वाले युवक के जरिए अश्लील वीडियो बनाकर बेचने वाले गिरोह का पदार्फाश हुआ है। पुलिस ने पंडा और उसके महाराष्ट्र और पंजाब के साथियों को भी गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि गिरोह कई अश्लील वीडियो बेच चुका है। पुलिस नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। पिछले दिनों वृंदावन में कुछ युवतियों और महिलाओं के साथ एक युवक के अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हुए थे। वीडियो प्रसारित होने के तीन दिन बाद वृंदावन में रहने वाली एक युवती पुलिस के पास पहुंची और बताया कि वीडियो में दिख रहा युवक केशीघाट खपाटिया घेरा निवासी प्रिंस वर्मा उर्फ प्रिंस ठाकुर है।

एक वर्ष पूर्व प्रिंस से पंडा के रूप में मुलाकात हुई थी। उसने बताया था कि वह वीआईपी दर्शन कराता है। प्यार और शादी का झांसा देकर वह उसे होटल में ले गया और वीडियो बना लिए। अब वीडियो डिलीट करने के लिए एक लाख रुपये मांग रहा था। वीडियो प्रसारित होने से ठीक एक दिन पहले सात जनवरी को प्रिंस वर्मा ने कोतवाली में मोबाइल चोरी होने की सूचना दी थी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर प्रिंस के इंटरनेट मीडिया एकाउंट की जांच की। पता चला कि उसने कई युवतियों के साथ इस तरह के वीडियो बनाए थे।

उसके दूसरे शहरों के युवकों से भी संबंध हैं, जिनके जरिए वह अश्लील वीडियो बेचता था। कोतवाली प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि प्रिंस वर्मा उसके साथी पंजाब के जालंधर निवासी राहुल, महाराष्ट्र के ठाणे जिले के गुरुप्रसाद सोसाइटी जाधव कॉलोनी बेलीवली के राहुल किरणदास को यमुना किनारे से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में प्रिंस वर्मा ने बताया कि वह बांकेबिहारी मंदिर में पंडागीरी करता था।

# जोधपुर-गुवाहाटी वनवे विशेष ट्रेन आज से शुरू

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** रेल यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने जोधपुर से गुवाहाटी के बीच एकतरफा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस वनवे ट्रेन से फिरोजाबाद क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।




प्रयागराज मंडल के जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 04835 जोधपुर-गुवाहाटी वनवे विशेष ट्रेन का संचालन 22 जनवरी को होगा। यह ट्रेन कुल 14 कोचों के साथ चलेगी, जिसमें 2 एसएलआर, 8 स्लीपर और 4 सामान्य श्रेणी के कोच शामिल हैं। यह विशेष ट्रेन जोधपुर से सुबह 3:30 बजे प्रस्थान करेगी। यह मेड़ता रोड, मकराना, कूचामन सिटी, जयपुर, गांधी नगर, बांदीकुई, खेड़ली, भरतपुर और आगरा ईदगाह होते हुए दोपहर 2:30 बजे टूंडला स्टेशन पहुंचेगी। टूंडला में इसका 10 मिनट का ठहराव निर्धारित है। टूंडला से आगे यह ट्रेन गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, न्यू बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया, नवगछिया, कटिहार, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, न्यू बंगाईगांव, बरपेटा रोड और रंगिया से गुजरेगी। यह शनिवार सुबह 6:30 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी। रेल प्रशासन का कहना है कि इस विशेष ट्रेन के संचालन से लंबी दूरी के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे विशेष रूप से बिहार, पश्चिम बंगाल और असम जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी।

# अवैध निर्माण पर चला एडीए का बुल्डोजर

एनएनआई



**आगरा।** आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा शहर में अवैध निमार्णों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ताजगंज वार्ड क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग कर कॉलोनी विकसित करने की तैयारी कर रहे भू-माफियाओं पर प्राधिकरण का बुलडोजर जमकर गरजा।

ताजगंज वार्ड में बिना स्वीकृति के विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों पर एडीए की प्रवर्तन टीम ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान कॉलोनी में बनाई गई सीसी रोड, बाउंड्री वॉल और मुख्य गेट को पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया। वहीं इसी वार्ड में नक्शे के विपरीत निर्माण किए जाने के एक अन्य मामले में प्राधिकरण की टीम ने संबंधित निर्माण को सील कर दिया। एडीए अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण की जांच की और नियमानुसार कार्रवाई को अंजाम दिया। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है। एडीए ने साफ शब्दों में संदेश दिया है कि बिना अनुमति या नियमों के विपरीत किया गया कोई भी निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी सूरत में अवैध निर्माण किया गया, तो प्राधिकरण का बुलडोजर तैयार है और ऐसे निमार्णों को जमींदोज किया जाएगा।

## पुलिस आयुक्त ने दिए सख्त आदेश

# जनता से गलत व्यवहार नहीं होगा बर्दाश्त

एनएनआई



**आगरा।** थाने में हर पीड़ित की सुनवाई हो। किसी के साथ गलत व्यवहार न हो। अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास और सहयोग ही अच्छी कानून व्यवस्था की नींव है। ये बातें पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने मातहतों से कही।

वह बुधवार को पुलिस लाइन में पाक्षिक अपराध गोष्ठी में दिशा-निर्देश दे रहे थे। पुलिस आयुक्त ने कहा कि महिला अपराध में सख्त कार्रवाई कर अपराधी को सजा दिलाएं। जाम की समस्या दूर कराएं। ब्लैक स्पॉट पर जरूरी रोड इंजीनियरिंग में बदलाव के लिए कवायद भी करें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर विशेष सतर्कता बरती जाए। होटल, रेस्तरां, रेलवे व बस स्टैंड पर चेकिंग करें। संदिग्धों से पूछताछ हो। अगर जीरो एफआईआर दर्ज करनी है तो भी करें। दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग और एनजीओ की मदद ले सकते हैं। जेल से रिहा हुए अपराधी और हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखें। गैंग बनाकर अपराध करने वालों पर कार्रवाई करें। ऑनलाइन ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने हाल में थाने और चौकी में पिटाई की घटनाओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जाम की समस्या दूर न कराने पर थाना प्रभारी जिम्मेदार होंगे। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करें।

# ओवरटेकिंग में ट्रक-कार की भिड़ंत, हादसा टला

एनएनआई




**आगरा।** थाना न्यू आगरा क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानगंज की पुलिया के पास बुधवार सुबह तेज रफ्तार और लापरवाही से की गई ओवरटेकिंग एक बड़े हादसे की वजह बनते-बनते रह गई। राजस्थान नंबर के एक ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद हाईवे पर यातायात प्रभावित हो गया और करीब आधे घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

बल्केश्वर के लोहिया नगर निवासी सुमित गुप्ता ने बताया कि वह बुधवार सुबह लगभग 10 बजे भगवान टॉकीज से कमला नगर अपनी बेटी को छोड़ने जा रहे थे। उनके साथ मित्र अर्जुन और शेर सिंह सरन भी कार में मौजूद थे। सुल्तानगंज की पुलिया के पास ट्रक चालक ने लापरवाही से ओवरटेक किया और उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक और कार सवारों के बीच कहासुनी भी हुई। पीड़ित कार चालक सुमित गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक प्रधान थारोल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

# उप्र राजस्व संग्रह अमीन संघ के श्याम मोहन बने जिला अध्यक्ष

**एत्मादपुर** एनएनआई। उत्तर प्रदेश राजस्व सामयिक संग्रह अमीन कर्मचारी संग्रह सेवक वेलफेयर एसोसिएशन (संघ) के जिला अध्यक्ष पद पर निवर्तमान तहसील अध्यक्ष श्याम मोहन बघेल (एत्मादपुर) की नियुक्ति की गई है। जबकि जिला मंत्री पद पर अमरनाथ सिंह यादव (सदर) और स्थानीय तहसील अध्यक्ष पद पर संग्रह अमीन हीरालाल शर्मा की नियुक्ति होने पर आज तहसील सभागार में साथी राजस्व संग्रह कर्मचारियों द्वारा फूल मालाएं पहनाकर जोशीला स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजस्व संग्रह अमीन अवधेश कुमार, रविशंकर मिश्रा, लखमीचंद शर्मा, अंशुल कुमार, सोमवार सिंह, जितेन्द्र पाल सिंह, नत्थीलाल, कोमल सिंह, भारत सिंह, गिरीशचंद्र, श्याम बाबू, मुनेद्र कुमार, बलवीर सिंह, विनोद कुमार आदि मौजूद थे।




## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# सपाइयों के पर्चे निरस्त, भाजपाई जीत का बजा डंका

## एत्मादपुर में भाजपा के शंकरध्वज सिंह धाकरे विजयी घोषित

एनएनआई



**एत्मादपुर।** पंचायत चुनाव से पूर्व सहकारी ग्राम्य विकास बैंक शाखा अध्यक्ष (प्रतिनिधि) के हुए चुनाव में भाजपाई जीत का डंका बज गया। 27 जनवरी को प्रस्तावित मतदान से पूर्व बुधवार को हुई जांच में त्रुटिपूर्ण नामांकन पत्रों के निरस्त होने के बाद जिले की सभी नौ शाखाओं में भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजयी घोषित हो गए। एत्मादपुर ब्लाक मुख्यालय पर सपा समर्थक दोनों सगे भाइयों के नामांकन निरस्त होने पर भाजपा प्रत्याशी शंकरध्वज सिंह धाकरे (नगला बेल) विजयी घोषित किए गए हैं। क्षेत्रीय भाजपा विधायक डा. धर्मपाल सिंह और भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दी। उत्साहित समर्थकों की भीड़ ने इस दौरान ढोल-नगाड़े बजाते हुए मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। एत्मादपुर ब्लाक मुख्यालय पर चुनावी संवेदनशील के मद्देनजर सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस के साथ पीएसी के जवान तैनात रहे। सहायक पुलिस आयुक्त देवेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह और कस्बा चौकी प्रभारी दीपक कुमार खोखर अंदर से बाहर हाइवे तक सुरक्षा की कमान संभाले नजर आए। पुलिस की सख्ती के कारण जनसमस्याएं लेकर आने वाले फरियादी भी ब्लाक कार्यालय के अंदर नहीं जा सके। सहकारी ग्राम्य विकास बैंक की नौ शाखाओं के अध्यक्ष के चुनाव में मंगलवार को 16 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। खंदौली समेत पांच जगह एक-एक नामांकन पत्र दाखिल हुए तो चार जगह एक से अधिक। बुधवार को जांच में सात नामांकन पत्र निरस्त हो गए। इसके साथ ही सभी नौ शाखाओं के चुनाव की प्रक्रिया बिना मतदान के पूर्ण हो गई है। एत्मादपुर में भाजपा प्रत्याशी शंकरध्वज सिंह धाकरे को मिली चुनावी सफलता पर भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख जगवीर सिंह तोमर, विधानसभा क्षेत्र संयोजक मनवीर सिंह चौहान, एत्मादपुर मंडल अध्यक्ष श्रीमती स्वदेश बघेल, पूर्व अध्यक्ष विश्वदीप सिंह, अभयनाथ सिंह, कुबेरपुर मंडल अध्यक्ष पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह सिकरवार, सभासद माधवेन्द्रनाथ सिंह, पूर्व प्रधान योगेन्द्र सिंह धाकरे, साधन सहकारी समिति बरहन के अध्यक्ष अरविंद सिंह धाकरे, सभासद शारदा देवी बघेल, पूर्व सभासद रागिनी सिंह आदि ने पुष्प मालाएं पहनाकर जोशीला स्वागत किया।

**जिले में इन भाजपाइयों को मिली जीत की खुशी**

भारतीय जनता पार्टी के समर्थित प्रत्याशी एत्मादपुर में शंकरध्वज सिंह धाकरे (नगला बेल), खंदौली में गिर्राज सिंह पचौरी नयाबास (चौकड़ा), शाहगंज में रनवीर सिंह तोमर, बाह में रामबरन सिंह कुशवाह, फतेहाबाद में राजेश कुमार कुशवाह, खेरागढ़ में विजय पाल सिंह, जगनेर में पदम सिंह तोमर, किरावली में मोहर सिंह, सैंया में पुरुपोत्तम त्यागी शाखा अध्यक्ष (निर्वाचित) घोषित किए गए हैं।

### चुनाव को निरस्त कराने मुकेश जाएंगे कोर्ट की शरण में

सहकारी ग्राम्य विकास बैंक शाखा अध्यक्ष (प्रतिनिधि) के चुनाव में जांच के उपरांत साढ़े चार बजे सूची चस्पा होने पर सपा प्रत्याशी मुकेश कुमार यादव और रामविलास यादव को अपने नामांकन पत्र निरस्त होने की जानकारी मिली तो वह निर्वाचन अधिकारी के पास पहुंचे और आपत्ति जताते हुए कारण पूछा तो जवाब मिला कि दोनों नामांकन पत्र त्रुटिपूर्ण थे। सपा प्रत्याशी मुकेश कुमार यादव ने मीडिया को बताया कि बेइमानी की जीत के इस चुनाव को निरस्त कराने के लिए वह कोर्ट की शरण में जाएंगे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
गुरुवार, 22 जनवरी, 2026


# अपर मुख्य सचिव ने ली स्वास्थ्य सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक



एनएनआई

**आगरा।** मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. पिंकी जोवलकी अध्यक्षता में तथा अमित कुमार घोष, अपर मुख्य सचिव,चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग,शासन एवं रितु माहेश्वरी, सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की वर्चुअल उपस्थिति में मंडलायुक्त सभागार में आगरा तथा अलीगढ़ मंडल की विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अंतर्गत संचालित योजनाओं,कार्यक्रमों की समीक्षा समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर की जाती है। शासन की मंशानुरूप, राज्य स्तर के अधिकारियों द्वारा मंडल स्तर पर जाकर भौतिक निरीक्षण,मॉनिटरिंग व संचालित योजनाओं,कार्यक्रमों की समीक्षा की जा रही है। इससे पूर्व लखनऊ, अयोध्या, कानपुर में मंडलीय समीक्षा की जा चुकी है इनमें अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की गई है। डॉ. पिंकी जोवल ने आगरा,अलीगढ़ मंडलों में स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा करते हुए खसरा तथा टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की जिसमें बताया गया कि दोनों मंडलों में 1174 केस रजिस्टर्ड किए गए हैं दोनों मंडलों के सभी जनपदों में वर्ष की अंतिम तिमाही में संतुष्टिजनक सुधार परिलक्षित हुआ है, लेकिन जनपद फिरोजाबाद में अभी भी सुधार अपेक्षित है,60 से 70 प्रतिशत केसों में बच्चों को खसरे की वैक्सीन नहीं लगी थी, मिशन निदेशक व सचिव डॉ. पिंकी जोवल ने इस स्थिति पर संबंधित से कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा प्रभावी टीकाकरण कराने, एएनएम स्तर तक व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करने सभी खसरे के केसों को समय से आइडेंटिफाई कर इलाज सुनिश्चित कराने के सभी जनपदों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव, श्री अमित कुमार घोष ने सभी चिकित्सा इकाइयों में नियुक्त सीएमएस, फार्मासिस्ट, एएनएम, सफाई कर्मचारी सहित अंतिम स्वास्थ्य कर्मी को समर्पित भाव से रोगियों की सेवा के लिए तत्पर रहने को प्रेरित किया।

उन्होंने सभी सीएमओ को प्रतिमाह कम से कम दो स्थलीय भ्रमण कर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भौतिक सत्यापन करने का भी निर्देश दिया गया। जिन जनपदों में शिकायतें और कमियां मिली हैं, वहाँ के मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को तय समय-सीमा में सुधार करने के स्पष्ट व कड़े निर्देश दिए ।

# चार राज्यों के परिवार करेंगे महालक्ष्मी मंदिर में एकादशी उद्यापन



- श्री हरि बोल सेवा समिति आयोजित करेगा तीन दिवसीय आयोजन
- सामूहिक 11वें एकादशी उद्यापन के आमंत्रण पत्र का किया विमोचन

एनएनआई

**आगरा।** श्री हरि बोल सेवा समिति की ओर से तीन दिवसीय सामूहिक 11वें एकादशी उद्यापन एवं खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन एकादशी पर बलकेश्वर स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों में जुटे समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को कमला नगर स्थित सेलिब्रेशन होटल में आमंत्रण पत्र का विमोचन कर जारी किया। संस्थापक भोलानाथ अग्रवाल ने बताया कि 29 और 30 जनवरी को होने का रहे सामुहिक उद्यापन में मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश के लगभग 150 जोड़े सामूहिक रूप से एकादशी उद्यापन करेंगे। 28 जनवरी को श्री श्याम चाकरी परिवार द्वारा खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन महालक्ष्मी मंदिर परिसर में होगा। भजन संध्या में भजन गायिका प्रीति शर्मा, त्रिलोकी शर्मा, पीयूष गोयल और प्रखर लोहिया खाटू नरेश के भजनों की प्रस्तुति देंगे।

अध्यक्ष केशव अग्रवाल और महामंत्री विक्की गर्ग ने बताया कि 29 जनवरी को सुबह 8 बजे दीप प्रज्वलन के बाद 9 बजे एकादशी कथा होगी फिर आरती के बाद ब्राह्मण भोज होगा। 30 को सुबह 8 बजे दीप प्रज्वलन, 9 बजे हवन पूजन, 10 बजे आरती और 1 बजे सामूहिक प्रसादी का कार्यक्रम होगा। मंच पर राधा-कृष्ण की झांकी के दिव्य दर्शन होंगे। उद्यापन में शहर की कई गणमान्य हस्तियों सहित संतों की सहभागिता आयोजन में रहेगी। एकादशी उद्यापन के लिए पर पंजीकरण शुरू हो गए है। इस अवसर पर रामप्रकाश अग्रवाल, वी.के. मित्तल, राजू बंसल, चंद्रेश गर्ग, अमित ग्वाला, सुमन गोयल, योगेश गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, विनय वर्मा, अजय गुप्ता, अमित माहेश्वरी, विशाल गोयल, निक्की जौहरी, शैलेंद्र गुप्ता, बबीता गोयल, दीप्ति, गुप्ता, आनंद जौहरी, राम गोपाल, विशेष शर्मा, अंशिका, लवी, प्रियंका, नेहा, सीमा, पूजा, पिंकी, रंजना आदि मौजूद रहे।

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती पर होगा भव्य समारोह

- सविता सैन नन्द महासभा आयोजित करेगी बाइक रैली और वृद्धजन सम्मान समारोह



एनएनआई

**आगरा।** सविता सैन नन्द महासभा की ओर से जननायक भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर का 102वां जन्मजयंती समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। बुधवार को वाटरवर्क्स स्थित होटल अतिथिवन पर समारोह के आमंत्रण पत्र का विमोचन महासभा के पदाधिकारियों ने किया। संस्थापक चंद्रभान सिंह समाधिया ने बताया कि कर्पूरी ठाकुर जन्मजयंती समारोह को 24 जनवरी को राजपुर चुंगी स्थित कर्पूरी चौक पर मनाया जाएगा। सर्वप्रथम कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर बाइक रैली की शुरूआत की जाएगी। जो प्रतिमा स्थल से शुरू होकर राजपुर रोड, शहीद नगर तिराहा, विवेकानंद चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा, नेताजी सुभाष चंद्र चौराहा आदि प्रमुख स्थानों से होते हुए पुनः कर्पूरी कर्पूरी चौक पर समाप्त होगी। जितेन्द्र कुमार सविता, बृज क्षेत्र संयोजक भाजपा जी द्वारा घर घर संपर्क करके आगरा से भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 94435 पोस्ट कार्ड भेज कर धन्यवाद ज्ञापित भी किया जाएगा। जिला अध्यक्ष मनीष मालोनिया ने बताया कि समारोह में सविता समाज के लोग आगामी चुनावों में संख्या बल के आधार पर अपनी राजनैतिक हिस्सेदारी भी जोर देंगे। सविता समाज के मेधावी छात्र-छात्राओ व वयोवृद्धजन को वृद्धजन सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य भुवन भूषण व अन्य विधायक प्रत्याशी गौरव नन्द करेंगे। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार सविता, रामसेवक वर्मा, मनोज कुमार, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लिए किया जागरूक

एनएनआई




**आगरा।** बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक पहल पाठशाला में बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर पाठशाला की छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, बाल विवाह निषेध कानून, तथा सरकारी सुरक्षा और सहायता तंत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि यदि किसी छात्रा को स्वयं या अपने आसपास किसी बालिका के बाल विवाह की आशंका हो, तो वह तुरंत संबंधित विभागों, पुलिस या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से संपर्क कर सकती है। ग्रामीण एवं झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के लिए यह जागरूकता सत्र विशेष रूप से उपयोगी रहा। इस जागरूकता सत्र में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग अधिकारी हेमलता, उप निरीक्षक राज कुमार, उप निरीक्षक राजेन्द्र, महिला कांस्टेबल निशा तथा किरण माथुर ने उपस्थित रहकर छात्राओं को सुरक्षा, कानून और आत्मविश्वास से जुड़े महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए। इस अवसर पर मनीष राय, अंकित खंडेलवाल, मानस राय, नवीन कुमार, अक्षेय मित्तल आदि रहे।

# उत्तरी बाईपास से ही गुजरेंगे भारी माल वाहन

## मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने की समीक्षा बैठक में दिये सख्त निर्देश



एनएनआई

**आगरा।** आगरा महानगर में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार, आरटीओ प्रवर्तन अखिलेश द्विवेदी, संदीप यादव एवं यमुना एक्सप्रेस,आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे तथा रढ ग्रामीण,मथुरा, हिमांशु गौरव,आलोक कुमार,आगरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उक्त बैठक में शहर में लगने वाले ट्रैफिक जाम से बचने के उपायों पर विशेष गंभीर चर्चा की गई। यह ज्ञात हुआ कि अधिकांश वाहन अभी भी उत्तरी बाईपास का प्रयोग नहीं कर रहे हैं तथा रास्ते शहर के अंदर से जा रहे हैं, जो उचित नहीं है। तथ्यों का अध्ययन करने पर यह प्रकरण में आया कि अधिकांश वाहन स्वामियों को वाहन चालकों को अभी ज्ञात ही नहीं है कि उत्तरी बाईपास पर चढ़कर वह लखनऊ,कानपुर, अलीगढ़ की तरफ जा सकते हैं लिहाजा निर्णय लिया गया कि संबंधित उत्तरी बाईपास मोड़ से पूर्व न्यूनतम 5 किलोमीटर दूरी से रोड साइन, जिस पर स्पष्ट लिखा हो कि लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, हाथरस बाएँ से जाएँ, अंकित हो इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो.वहां पर रोड साइन लगाए जाएँ तथा संबंधित टोल पर ही इस तरह के पंपलेट बटवाएं जिस पर आगे उत्तरी बाईपास की जानकारी अंकित हो.इसके अलावा यही कार्य कुबेरपुर कट पर भी किया जाए,जहां पर के रास्ते से फिरोजाबाद की तरफ से आने वाले अथवा लखनऊ की तरफ से आगरा एक्सप्रेसवे से आने वाले चालकों को यह पता चल सके कि उनको शहर में नहीं प्रवेश करना है अपितु मथुरा या कहीं जाना है तो उत्तरी बाईपास के माध्यम से जाएँ, जिससे शहर में लगने वाले ट्रैफिक जाम से निजात मिल सकती है।

इसके अतिरिक्त चर्चा में यह संज्ञान में आया कि उत्तरी बाईपास के एंट्री पॉइंट पर वहां पर न्यूनतम संसाधन नहीं है जिसके लिए मंडल द्वारा के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आप वहां पर रोड साइन के साथ-साथ ब्लिंकर रंबल स्ट्रिप,सीसीटीवी कैमरा,कैट आई,लाइट 1 सप्ताह में लगवाकर कम्प्लीट कराएँ।

# मध्यस्थता अभियान 2.0 को सफल बनाने पर दिया जोर



- जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक के मार्गदर्शन में जनपद में राष्ट्रीय के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 चलाया जा रहा है, जिसके परिपेक्ष में न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में समस्त नायिक अधिकारी (सिविल जज सीनियर डिवीजन/जूनियर डिवीजन स्तर के अधिकारीगण के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाने के लिए समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में उपस्थित नायिक अधिकारीगण को यह निर्देशित किया गया कि राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 को सफल बनाए जाने के लिए अधिक से अधिक मध्यस्थता के लिए पत्रावालियों को संदर्भित करें। डॉ दिव्यानंद द्विवेदी अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगरा के द्वारा यह बताया गया कि पूर्व वर्ष में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान चलाया गया था,जिसमें ऐसे मामले चिन्हित किये गए थे जो कि सुलह वार्ता से निस्तारण हो सके। जो कि बहुत अधिक संख्या में वादों का निस्तारण सुलह वार्ता के माध्यम से किया गया था और राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान सफल रहा।

इसी को दृष्टिगत रखते हुए पुनः राष्ट्र के लिए मतदाता अभियान 2.0 चलाया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर मध्यस्थ के लिए संदर्भित किया जा रहा है।

डॉ. दिव्यानंद द्विवेदी अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगरा के द्वारा जनपद आगरा की प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से भी आग्रह किया गया है कि इस राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान,2.0 का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किए जाने में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें, जिससे आम जनता के चल रहे मामलों का निस्तारण सुलह वार्ता के माध्यम से निस्तारण हो सके।

# 2047 तक हर घर में स्वास्थ्य बीमा कराने के लक्ष्य को मिलेंगे पंख

- डिजिटल आईसीयू में बेहतर एक्सपर्ट की सुविधा दिलवाएगा गैलेक्जी हैल्थ इन्श्योरेन्स
- होटल भावना क्लार्क में किया गया स्वास्थ्य बीना जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** किसी जटिल स्वास्थ समस्या के लिए यदि आप डिजिटल आईसीयू (आगरा में बैठकर मुम्बई या अन्य शहर के एक्सपर्ट का सहयोग) की सुविधा लेना चाहते हैं तो वह गैलेग्जी हैल्थ इश्योरेन्स दिलवाएगा। होटल भावना क्लार्क में संरक्षण वेल्थ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित स्वास्थ बीमा जागरूकता कार्यक्रम में यह जानकारी गैलेग्जी हैल्थ इन्स्योरन्स के स्टेट हेड आरएस सिंह ने यह जानकारी दी। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद नवीन जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। नवीन जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि समस्त भारतवासियों का हेल्थ बीमा होना चाहिए। जिससे लोगों को अपना स्वास्थ्य बिगड़ने पर आर्थिक चिन्ता से मुक्त रहे। चाहें वह किसी भी वर्ग का हो। इसलिए सभी से अपील है कि हर व्यक्ति स्वास्थ बीमा अवश्य करवाएं।

स्वास्थ्य बीमा को जीएसटी से मुक्त भी किया जा चुका है जिससे आमजन को लाभ हो। संरक्षण वैल्थ मैनेजमेंट के निदेशक रवि शंकर भारद्वाज ने कहा कि डोर टू डोर योजना का विस्तार किया जाएगा। मोदी जी के 2047 तक सभी लोगों का स्वास्थ बीमा करना के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में 300-400 की टीम मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय लोगों को स्वास्थ बीमा के लिए जागरूक किया जा रहा है।

स्टेट हेड आरएस सिंह ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पहले दक्षिण भारत के चार प्रदेशों (तमिल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र) में प्रारम्भ किया और अब यूपी, गोहाटी, भुवनेश्वर, कलकत्ता में प्रारम्भ किया है। अब तक कम्पनी एक वर्ष में 125 करोड़ का बीमा कर चुकी है। अभी तक इस प्रकार की सुविधाएं कोई कम्पनी उपलब्ध नहीं करा रही थी। घंटों तक लगातार कम्प्यूटर कर काम करने के कारण युवाओं में तेजी से बढ़ रही स्लिप डिसआर्डर के लिए भी सुविधाएं दे रही है। इसके साथ बहुत सी नई सुविधाएं हैं। सीनियर सिटीजन के लिए भी बेहतर सुविधाएं हैं। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प भेंट कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षितिज अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, राजेन्द्र रामरख्यानी, निशांत सरीन ,प्रणव कुंद्रा, नवीन मेहंदी रत्ता, अजय कुमार, सपन शर्मा आदि उपस्थित थे।



## लोकतंत्र की मशाल लेकर सड़कों पर उतरे शब्बीर अब्बास

# प्रदेश में संतों के अपमान के खिलाफ सपा का ऐतिहासिक जनाक्रोश

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में जब भी अन्याय और दमन के खिलाफ आवाज उठी है, समाजवादी पार्टी हमेशा आगे खड़ी रही है। आगरा के कलेक्ट्रेट परिसर में यही दृश्य देखने को मिला, जब प्रयागराज में पूज्य संत श्री स्वामी मुक्तेश्वर आनंद जी महाराज के साथ हुई अभद्रता और कथित दमनकारी कार्रवाई के विरोध में समाजवादी पार्टी महानगर आगरा की ओर से जोरदार जनाक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने किया। यह कार्यक्रम केवल एक राजनीतिक औपचारिकता नहीं रहा, बल्कि लोकतंत्र, धार्मिक मर्यादा और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का खुला संघर्ष बन गया। पूरे कार्यक्रम में शब्बीर अब्बास एक ऐसे जननेता के रूप में नजर आए जो सत्ता के सामने झुकने के बजाय जनता के साथ सड़क पर खड़े दिखाई दिए।



प्रयागराज की घटना को लेकर प्रदेश भर में संत समाज और आम जनता में रोष है। आरोप है कि प्रशासनिक संरक्षण में पूज्य संत श्री स्वामी मुक्तेश्वर आनंद जी महाराज के साथ अभद्रता की गई। इसी के विरोध में समाजवादी पार्टी ने इस मुद्दे को लोकतांत्रिक मंच पर मजबूती से उठाया। अलग-अलग इलाकों से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचने लगे। दोपहर करीब 12 बजे जैसे ही शब्बीर अब्बास मौके पर पहुंचे, पूरा परिसर नारेबाजी से गूंज उठा।

शब्बीर अब्बास ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ चलने वाला एक आंदोलन है। किसी भी धर्म के व्यक्ति के साथ अगर अन्याय होगा तो समाजवादी पार्टी उसके साथ चट्टान की तरह खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि संतों का अपमान देश की सांस्कृतिक आत्मा पर हमला है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन शब्बीर अब्बास के नेतृत्व में आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित रहा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भीतर ही प्रशासन को ज्ञापन लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

कलेक्ट्रेट पर हुआ यह जनाक्रोश प्रदर्शन इस बात का साफ संकेत है कि समाजवादी पार्टी और उसका नेतृत्व अब किसी भी तरह की तानाशाही, दमन और सत्ता के अहंकार के सामने चुप बैठने वाला नहीं है। इस प्रदर्शन ने आगरा की राजनीति में शब्बीर अब्बास को एक जमीनी, संघर्षशील और निर्णायक नेता के रूप में स्थापित किया है। इस मौके पर राजपाल यादव, ममता टपलू, रिजवानउद्दीन प्रिंस, राहुल चौधरी, मधुकर अरोड़ा, अमीर सिंह फौजदार, सतीश चाहर, चौधरी फरान, विजय सिंह, अमित यादव, राशिद मेव, सोमेश गुप्ता, सनी छाबड़ा, मोनिका नाज खान, रामनरेश यादव, पूनम वाल्मीकि, प्रवेश खान, वेद चौधरी, मनीष यादव, सागर यादव, हर्ष धाकड़, बलविंदर जाटव, समीर अब्बास, असलम वारसी, पठान कुरेशी, हाजी मुन्ना अलवी, इमरान अब्बास, जमील सिद्दीकी, अर्श खान, मो. बिलाल, सादिक उस्मानी, राजीव सविता, फईम उस्मानी, मुजाहिद कुरेशी, जमील खान, राज अल्वी, अफसार खान, शादब मंसूरी, अमित प्रताप यादव, मोहन मामा, कयूम खान, रिजवान पठान, खुबेब खान, सिवा भगेल, काले कुरेशी, सलमान मेव, कासिफ अली साहा, रिहान अल्वी सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोधी राजपुत समाज करेगा पुलिस कमिश्नर व डीएम का सम्मान

एनएनआई

**आगरा।** तहसील खेरागढ़ के ग्राम कुशियापुर, डुंगरवाला स्थित उटंगन नदी में घटित घटना सभी को याद है जिसमें लोधी समाज के 12 व्यक्तियों की डूबकर मृत्यु हो गयी थी । उस समय आगरा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद उक्त घटना में डूबने वाले सभी मृतकों के शवों को नदी से बाहर निकालकर उनका अंतिम संस्कार करवाया और कानून व्यवस्था बनाये रखने में अहम भूमिका निभाई थी ।

अखिल भारतीय लोधी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अर्जुन सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह लोधी एवं युवा अध्यक्ष भारत सिंह प्रधान ने बताया कि उक्त घटना में आगरा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए लोधी राजपूत समाज द्वारा बसंत पंचमी के दिन शहीद नगर स्थित होटल दी सूर्या में आयोजिय होने वाले सम्मान समारोह में आगरा के पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार, जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी सहित आगरा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के कई आईएस व आईपीएस अधिकारियों को समानित किया जाएगा। लोधी राजपुत समाज द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उक्त घटना में आगरा के जानेमाने कारोबारी एवं समाजसेवी सतीश देव त्यागी ने भी पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान दिया, जिसके लिए उनको भी सम्मानित किया जाएगा ।

## एसएन ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की



**आगरा एनएनआई।** एसएनएमसी में पहली बार एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट का डिवाइस क्लोजर सफलतापूर्वक किया गया। यह क्लोजर एसएन मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ हिमांशु यादव एवं टीम द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि सरल शब्दों में कहें तो यह बिना ओपन हार्ट सर्जरी के दिल में मौजूद छेद को बंद करने की आधुनिक प्रक्रिया है। एसएनएमसी के प्राचार्य एवं डीन डॉ प्रशांत गुप्ता ने कहा कि एसएनएमसी की उन्नत चिकित्सकीय क्षमता, समर्पित टीम व आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से आगरा एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीज लाभान्वित हो रहे हैं ।




## विवि में प्राचार्यों को दी गई स्टार्टअप ओरिएंटेशन की जानकारी

एनएनआई

**आगरा।** विवेकानन्द इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के तत्वाधान में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से संबद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के लिए 'स्टार्टअप ओरिएंटेशन प्रोग्राम' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति को सुदृढ़ करना रहा।

प्रो. शरद चन्द्र उपाध्याय ने सभी प्राचार्यों का औपचारिक स्वागत किया। इसके पश्चात विवेकानन्द इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के इन्क्यूबेशन मैनेजर योगेश तोमर ने फाउंडेशन की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों तथा छात्र-उद्यमियों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रो. संजय चौधरी ने स्टार्टअप इकोसिस्टम की कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शैक्षणिक संस्थान किस प्रकार नवाचार को बढ़ावा देकर विद्यार्थियों को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित कर सकते हैं। वहीं 'राफ्ट्स एंड रिवर्स' के निदेशक नृपेन भट्ट ने भविष्य की संभावनाओं की पहचान करने तथा नए विचारों को व्यवहारिक रूप से विकसित करने के तरीकों पर अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि विश्वविद्यालय में वर्तमान में 12 सक्रिय स्टार्टअप संचालित हैं, जो विद्यार्थियों के स्वयं के नवाचारपूर्ण विचारों से विकसित हुए हैं। इन स्टार्टअप्स को व्यवसायिक स्वरूप देने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा विवेकानन्द इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के माध्यम से तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# अमर शहीद हेमु कालानी को 83वें बलिदान दिवस पर किया नमन

एनएनआई




**आगरा।** हेमू कलानी चौक, सदर तहसील में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद हेमू कलानी जी का 83वाँ बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने वीर शहीद के जीवन से प्रेरणा ली।

सिंधी शक्ति संगठन के संस्थापक अध्यक्ष श्री सुशील नोतनानी ने कहा कि अमर शहीद हेमू कलानी जी ने बहुत कम उम्र में देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और ऐसे वीर सपूत सदैव देश की चेतना को जागृत करते रहेंगे।

राष्ट्रीय सिंधी महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि सिंधी समाज ही नहीं, बल्कि पूरा देश हेमू कलानी जी के साहस, त्याग और देशभक्ति पर गर्व करता है। आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश, समाज और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए तथा ऐसे वीरों की स्मृति को जीवित रखना हम सभी का दायित्व है। वहीं पूर्व पार्षद सुखदेव गिडवानी ने कहा कि अमर शहीद हेमू कलानी जी ने मातृभूमि की रक्षा हेतु हंसते-हंसते फांसी का फंदा स्वीकार किया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए अद्वितीय प्रेरणा है।

कार्यक्रम के दौरान हेमू कालानी अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे सुशील नोतनानी, महेश सोनी किशोर बुधरानी, मनोज नोतनानी, सुखदेव गिद्वानी, मनोहर हंस, आनंद नोतनानी, अमृत मखीजा, पार्षद इंद्रपाल सिंह, हेमंत नोतनानी, रोहित एलानी, सोनू सोमानी, मनीष हरजानी, राजेश इसरानी, दिलीप खेमानी राजकुमार नोतनानी, रूपचंद चांदनी दीपक रामानी, सतीश मानवानी संतोष नोतननी, दयाल दास भल्ला, लोग उपस्थित रहे।

# युवक ने तमंचे से खुद को मारी गोली, मौत

एनएनआई



**कागारौल।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी झुल्ला में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां शराब के नशे में एक युवक ने अवैध तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

मृतक की पहचान उमेश (26) पुत्र स्व. नेत्रपाल सिंह के रूप में हुई है, जो तेल टैंकर चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि उमेश शराब के नशे में था। इसी दौरान उसने तमंचे से अपनी खोपड़ी में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

बताया गया कि उमेश की चार साल पहले शादी हुई थी और उसकी एक साल की बेटी है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना मिलते ही थाना कागारौल पुलिस मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष मोहित शर्मा ने टीम के साथ शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। सूचना पर एसीपी सैंया सुकन्या शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा बरामद कर लिया है।

# मूक-बधिर युवक पर हमला, तीन पर मुकदमा

**कागारौल** एनएनआई। थाना क्षेत्र के गांव मुरकिया में मूक-बधिर युवक पर हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव निवासी कामेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे पूरन सिंह पर नसीरुद्दीन, उसकी पत्नी रूजार और मां संपत्ति बेगम ने डंडे व हथौड़े से हमला किया।

बताया गया कि शनिवार सुबह करीब 8 बजे पूरन सिंह खेत से लौट रहा था, तभी रास्ते में उक्त तीनों ने घेरकर उस पर हमला कर दिया।

हमले में युवक के होंठ और आंख के पास गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क दुघर्टना में किशोर की मृत्यु, दो युवक गंभीर घायल

एनएनआई



**पिनाहट।** लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर पुलिया पार करते समय कार की टक्कर से पल्सर बाइक सवार किशोर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद पल्सर बाइक में आग लग गई।

थाना पिढ़ौरा के गांव रीठई निवासी मोहित पुत्र दौलत राम उम्र करीब 15 वर्ष अपने दोस्तों श्यामबाबू व उपेंद्र के साथ मंगलवार रात करीब 9 बजे पल्सर बाइक से अपनी मौसी के गांव कुई नगला फतेहाबाद में आयोजित भागवत कथा के भंडारे में शामिल होकर लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक लखनऊ एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड के नीचे बीहड़ नगरा की पुलिया पार करके सड़क पर इस ओर आई ।,तभी आगरा की ओर से आ रही ओरा कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। आमने-सामने की भिड़ंत इतनी तेज थी। कि पल्सर बाइक में आग लग गई और मोहित की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में श्यामबाबू और उपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे लोगों की मदद से घायलों को तत्काल आगरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के गांव में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# बटेश्वर में मोक्षधाम के जीर्णोद्धार में वन विभाग का अड़ंगा

## विधायक ने डीएफओ को लिखी चिट्ठी



एनएनआई

**बाह।** वन विभाग के अड़ंगे की बजह से तीर्थ स्थल बटेश्वर के मोक्षधाम का जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है। मोक्षधाम की हालत ऐसी है कि बरामदा ढह गया है, अवशेष तक नहीं बचे हैं, टिनसैड के अवशेष जरूर दिखते हैं। शव के अंतिम संस्कार के दौरान हादसे का खतरा रहता है। मोक्षधाम में आस पास के जिलों के लोग भी अंतिम संस्कार के लिए पहुंचते हैं। बाह की विधायक पक्षालिका सिंह ने सामाजिक वानकी के डीएफओ को लिखे पत्र में कहा है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान गांव-गांव लोगों ने मोक्षधाम के जीर्णोद्धार की मांग उठाई है। जिम्मेदार अधिकारियों से जीर्णोद्धार की बात की गई तो पता चला कि वन विभाग जीर्णोद्धार कार्य की अनुमति नहीं दे रहा, काम नहीं होने देता। उन्होंने बताया कि तीर्थ स्थल होने के नाते लोग अपने पूर्वजों के मोक्ष के लिए बटेश्वर में अंतिम संस्कार को पहुंचते हैं, जीर्णोद्धार न होने की बजह से अंतिम संस्कार के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनहित में मोक्षधाम के जीर्णोद्धार के अड़ंगे को दूर कराए जाने को कहा है।

निर्माण रोका नहीं, जीर्णोद्धार में बाधा पर सवाल- बटेश्वर में यमुना किनारे बने मोक्षधाम में बरामदा था, बैठने को चेयर बनी थी, स्नान और शौच की व्यवस्था थी, अंतिम संस्कार के लिए टिनसैड था। बारिश में यमुना का टीला धंसकने से बरामदा ढह गया था, कुर्सी आदि मलबे का ढेर बन गये, स्थिति ये है कि नामो निशान तक नहीं बचा है।

धुंए से टिनसैड गल गया, कुछ खम्भे जरूर चिन्ह के रूप में मौजूद हैं। नहाने और शौच के लिए की गई व्यवस्था भी नहीं रही। बैठने तक को जगह नहीं बची है। अंतिम संस्कार के दौरान दिक्कतें होती हैं। भारतीय किसान यूनियन (सर्वोदय) के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान ने वन विभाग की भूमिका पर सवाल उठाया है, कहा है कि जब निर्माण में दिक्कत नहीं हुई तो वन विभाग द्वारा जीर्णोद्धार क्यों रोका जा रहा है? पहले से मौजूद मोक्षधाम के जीर्णोद्धार के लिए कई बार ज्ञापन देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

# राजकीय खाद्य विज्ञान केन्द्र पर दिया कुकरी, बेकरी का प्रशिक्षण

एनएनआई




**आगरा।** खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजागार योजनान्तर्गत राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र पर एक मासीय कुकरी/बेकरी प्रशिक्षण का संचालन तक किया गया, जिसका समापन बीते रोज किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि मुकेश कुमार, उप निदेशक उद्यान, आगरा मण्डल का स्वागत बलवीर सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों की प्रतियोगिता करायी गयी। प्रतिस्पर्धा में विभिन्न भारतीय व्यंजनों को बनाया तथा मुख्य अतिथि के सम्मुख प्रस्तुत किया, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा बनाये गये कुकरी एवं बेकरी के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी। उन प्रतिभागियों को उत्कृष्ट उत्पाद बनाने हेतु प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र सम्मान के रूप में दिये गये। कार्यक्रम का संचालन लोकेश सिंह सेंगर, प्रशिक्षक कुकरी द्वारा किया गया। प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए सोनी त्रिपाठी, सदस्या सेन्ट्रल जेल ने हाईजिन के महत्व को समझाया। उत्कर्ष पाण्डेय, प्रवक्ता एवं आरजेएफएम रेडिया ने कृषि और प्रसंस्करण के तालमेल को समझाया। प्रधानाचार्य बलवीर सिंह द्वारा कार्यक्रम के अन्त में सभी लाभार्थियों और आये हुए अतिथियों को आभार व्यक्त किया तथा धन्य वाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में तारा सिंह, अम्ब्रीश सक्सैना, अनिल कुमार वर्मा, रूप नारायण आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# वकील और लेखपाल में सुबह विवाद, शाम को दूर हुए गिले शिकवे

**बाह** एनएनआई। उदयपुर खालसा की वारासत को लेकर लेखपाल जितेन्द्र शर्मा एवं वकील देवीचरन यादव के बीच मंगलवार को हाट टाक हो गई थी। दोनों ने एक दूसरे पर अभद्रता किए जाने का अरोप लगाया था। वकील देवीचरन यादव बार एसोसिएशन बाह के सह सचिव हैं। वकील के साथ अभद्रता और धमकी के मामले में बुधवार की सुबह बार एसोसिएशन बाह के अध्यक्ष हरिओम पांडेय के नेतृत्व में कार्यवाही की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय पर कार्य बहिस्कार किया। एसडीएम बाह संतोष कुमार शुक्ला ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। लेकिन वकील बाह थाने जाकर धरना पर बैठ गये और लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अड़ गये। शाम एसडीएम बाह संतोष कुमार शुक्ला और पुलिस के अधिकारियों ने तहसील के मीटिंग हाल में अधिवक्ताओं एवं लेखपालों को बुलाया। लेखपाल जितेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता देवीचरन यादव के बीच गिले शिकवे दूर कराए।

# क्रिकेट मैच के जरिए उठेगी बाह में जिला और स्टेडियम बनाए जाने की मांग

एनएनआई



**बाह।** आगरा इटावा स्टेट हाइवे पर बाह स्थित ईंट भट्ठे के मैदान पर 25 जनवरी को एनजीओ एंग्री यूथ एवं बीसीए बाह द्वारा सदभावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है। मैच के जरिए बाह को जिला बनाए जाने एवं स्टेडियम की स्थापना किए जाने की पुरानी मांग को बुलंद किया जाएगा। मीडिया प्रभारी शंकर देव तिवारी ने बताया कि सदभावना मैच के आयोजन का उद्देश्य बाह में स्टेडियम बनाए जाने की 40 साल पुरानी मांग एवं क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए बाह को जिला बनाए जाने की आवाज को बुलंद करने का है। उन्होंने बताया कि सदभावना क्रिकेट मैच का उदघाटन मेरठ के वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेशराज शर्मा करेंगे। आयोजन के साथ बाह को जिला बनाने एवं स्टेडियम की स्थापना के मद्देनजर व्यापक रूप देने का प्रयास हो रहा है। मैदान को तैयार करने से लेकर आयोजन को सफल बनाने में एनजीओ एंग्री यूथ और बीसीए से जुड़े वसीम पठान, विनोद राजपूत, पंकज मिश्रा, अनूप पांडेय, रमेश राठौर, आदिल वेग मिर्जा, सुबोध श्रीवास्तव, शहबाज पठान, मोनू गुर्जर, हरवीर गुर्जर, गौरव, जितेन्द्र आदि जुटे हुए हैं।

# संपादकीय

## ग्रीनलैंडः ट्रंप की नई चाल




दुनियाभर में दर्जनों संघर्ष रुकवाने के सैकड़ों दावे कर चुके अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद ही वैश्विक तनाव को भड़का रहे हैं। वेनेजुएला के बाद अमेरिका की ओर से ग्रीनलैंड को लेकर जो मेसेज आया है, वह दुनिया की शांति और स्थिरता के लिए खतरा है।ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने के डॉनल्ड ट्रंप की जिद्द से यूरोप में गुस्सा तो फैला है, लेकिन एक लाचारी का अहसास भी है। यूरोपीय नेता जानते हैं कि ट्रंप अपने इरादे पर अड़े रहे, तो उन्हें रोकना आसान नहीं होगा। इसलिए आठ यूरोपीय देशों के नेताओं के डेनमार्क से एकजुटता जताने और यूरोप-अमेरिका के संबंधों पर खराब असर की चेतावनी देने का व्यावहारिक मतलब कम ही है। ट्रंप ने दो-टूक कहा है कि वे किसी अंतरराष्ट्रीय कानून से बंधे हुए नहीं हैं। ट्रंप ने सैनिक, आर्थिक या राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल करने के मामलों में अपनी पूरी ह्यस्वतंत्रताह्न का एलान किया। कहा कि अपने मकसद को हासिल करने की राह में आने वाली किसी अंतरराष्ट्रीय संधि, कानून, समझौते आदि वे नहीं मानते। जब पूछा गया कि क्या उनकी वैश्विक शक्ति की कोई सीमा है, तो उन्होंने कहा- ह्यहां, एक चीज है- मेरी अपनी नैतिकता। मेरा अपना दिमाग। यही एक चीज है, जो मुझे रोक सकता है। इन बातों से वेनेजुएला में उनके प्रशासन ने क्या किया या ग्रीनलैंड में क्या करने का इरादा रखता है, उसे दूसरे विश्व युद्ध के बाद स्थापित हुई नियम आधारित एवं उदार विश्व व्यवस्था के तर्कों से समझने की कोशिश व्यर्थ हो जाती है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि उस समझ के आधार पर होने वाली आलोचनाओं का उनकी निगाह में कोई महत्त्व नहीं है।वे दुनिया को नए युग में ले गए हैं, जो शक्ति के सिद्धांत के प्रेरित है। ट्रंप के आचरण में यह बात पहले से ही साफ नजर आती रही है, मगर अब उन्होंने इनको सैद्धांतिक जामा भी पहना दिया है। संदेश यह है कि ट्रंप सिर्फ ताकत का सम्मान करना जानते हैं। संभवतः इसीलिए शी जिनपिंग या व्लादीमीर पुतिन का उल्लेख करते हुए वे उतना अपमानजनक लहजा नजरिया नहीं दिखाते, जैसा इजहार दूसरे नेताओं- जिनमें यूरोपीय नेता भी शामिल हैं- के प्रति करते हैं। ट्रंप ने घोषणा की कि जो यूरोपीय देश ग्रीनलैंड लेने के उनके इरादे में बाधक बनेंगे, उन पर वे नए सिरे से टैरिफ बढ़ाएंगे। मतलब डेनमार्क सहित ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के सामानों पर एक फरवरी से दस प्रतिशत टैरिफ बढ़ेगा। सवाल है एक फरवरी से जब यूरोपीय देशों को अमेरिका से व्यापार में दस प्रतिशत का घाटा होगा तो नाटो एलायंस व यूरोप-अमेरिका के रिश्ते किधर जाएंगे? लेकिन ट्रंप को चिंता नहीं है। बहरहाल, सवाल यही है कि ट्रंप ने अपना रुख नहीं बदला, तो यूरोप क्या करेगा? दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने अपनी खास योजना- मार्शल प्लान- के तहत यूरोप को ढाला।नतीजतन, उसकी सुरक्षा के सूत्र हमेशा अमेरिका के हाथ में रहे। आज भी पूरे यूरोप में लगभग 76,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। यूरोप के 80 प्रतिशत तक हथियार अमेरिकी कंपनियां सप्लाई करती हैं। जिस नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) के भरोसे यूरोप के देश सुरक्षित रहते आए हैं, उनका निर्विवाद नेता अमेरिका है। 1990 के दशक के बाद यूरोप की वित्तीय व्यवस्था भी अभिन्न रूप से अमेरिका से जुड़ गई। तब अमेरिकी मंशा से अलग निर्णय लेने की यूरोप की रणनीतिक स्वतंत्रता और सिकुड़ गई। इस दौर में अमेरिका का पिछलग्गू बन कर यूरोप ने अपना नैतिक बल और भी गंवा दिया।।मसलन, ताजा प्रकरणों को ही देखें, तो एक संप्रभु देश- वेनेजुएला- के राष्ट्रपति के अपहरण पर अगर-मगर भरा रुख अपनाने के बाद ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोपीय नेता जब डेनमार्क की संप्रभुता का समर्थन करते हैं, तो बाकी दुनिया को उनकी बातें विडंबनाभरी नजर आती हैं। इसीलिए हकीकत यह है कि सब कुछ ट्रंप पर निर्भर है। अगर उनके अमेरिका फर्स्ट की सोच में अपने सहयोगी देशों को निगलना भी शामिल है, तो फिर उन्हें कैसे रोका जाएगा, यह साफ नहीं है। ट्रंप से किसी रहम की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। ट्रंप के दौर में अपने हित की रक्षा कैसे की जाए, यह यक्ष प्रश्न उनके सामने खड़ा है।

# वसंत पंचमी

## मां सरस्वती की आराधना से मिलेगा ज्ञान और आशीर्वाद

### पूजा की विधि , मंत्र और नियम





डॉ. शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य

**माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाने वाली वसंत पंचमी न केवल ऋतुराज बसंत के स्वागत का पर्व है, बल्कि यह दिन ज्ञान, कला और विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की आराधना के लिए भी अत्यंत शुभ माना जाता है। खासतौर पर बच्चों और विद्यार्थियों के लिए यह पर्व विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन विद्यारंभ, लेखन आरंभ और शिक्षा से जुड़े संस्कार किए जाते हैं।**

इस वर्ष वसंत पंचमी की तिथि को लेकर लोगों के मन में असमंजस बना हुआ है कि पूजा 23 जनवरी को की जाए या 24 जनवरी को। पंचांग और ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार पंचमी तिथि का सूर्योदय 23 जनवरी को हो रहा है, इसलिए यही दिन पूजा, साधना और ज्ञानार्जन के लिए श्रेष्ठ माना जा रहा है। ऐसे में सही मुहूर्त और शुभ योग जानना और भी आवश्यक हो जाता है, ताकि मां सरस्वती की कृपा से जीवन में विद्या और विवेक का प्रकाश बना रहे।


पंचांग के अनुसार, वसंत पंचमी की पंचमी तिथि 23 जनवरी को सुबह 2:28 बजे आरंभ होकर 24 जनवरी 2026 को सुबह 1:46 बजे तक रहेगी। उदया तिथि को मान्यता देने के कारण इस वर्ष वसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी, शुक्रवार को ही मनाया जाएगा।

सरस्वती पूजा के शुभ मुहूर्त की बात करें तो 23 जनवरी को सुबह 7:15 बजे से दोपहर 12:50 बजे तक का समय अत्यंत मंगलकारी रहेगा। मान्यता है कि इस शुभ काल में मां सरस्वती की पूजा करने से विद्यार्थियों को विद्या, बुद्धि और ज्ञान का आशीर्वाद प्राप्त होता है तथा कार्यों में सफलता मिलती है।

**वसंत पंचमी का धार्मिक महत्व**

वसंत पंचमी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि ज्ञान, संगीत, कला, संस्कृति और प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक पर्व है। यह दिन मां सरस्वती की आराधना को समर्पित होता है, जिन्हें विद्या, बुद्धि, वाणी और विवेक की देवी माना जाता है। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष स्थान रखता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था, इसलिए इस अवसर पर उनकी विशेष पूजा की जाती है।

इस दिन विद्यार्थी, शिक्षक, लेखक, कलाकार और संगीत से जुड़े लोग मां सरस्वती से ज्ञान, एकाग्रता और सफलता का आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना करते हैं। वसंत पंचमी को शुभ कार्यों की शुरूआत के लिए भी अत्यंत मंगलकारी माना जाता है, जैसे विद्यारंभ संस्कार, विवाह से जुड़े कार्य, गृह प्रवेश आदि। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन श्रद्धा और विधि-विधान से की गई पूजा से अज्ञान, आलस्य और नकारात्मकता का नाश होता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



**वसंत पंचमी का सांस्कृतिक महत्व**

सांस्कृतिक दृष्टि से वसंत पंचमी से वसंत ऋतु के औपचारिक आगमन की शुरूआत मानी जाती है। इस समय खेतों में सरसों के पीले फूल लहलहाने लगते हैं, जो समृद्धि, खुशहाली और उल्लास का प्रतीक होते हैं। इस दिन पीले रंग का विशेष महत्व होता है, जिसे ऊर्जा, ज्ञान और सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है। देश के अलग-अलग हिस्सों में वसंत पंचमी विभिन्न रूपों में मनाई जाती है। बंगाल में यह पर्व सरस्वती पूजा के रूप में प्रसिद्ध है, वहीं पंजाब और हरियाणा में पतंग उड़ाने की परंपरा है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं और पीले रंग के व्यंजन बनाकर इस दिन को उल्लासपूर्वक मनाते हैं। कुल मिलाकर, वसंत पंचमी कला, संगीत, साहित्य और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है।

**वसंत पंचमी की पूजा विधि**

वसंत पंचमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। इसके बाद पीले या सफेद रंग के स्वच्छ वस्त्र पहनें और मन में पूजा का संकल्प लें।

घर के साफ-सुथरे स्थान या ईशान कोण में मां सरस्वती की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। पूजा स्थल को अच्छे से स्वच्छ करें।

मां को पीले फूल, पीला चंदन, अक्षत, दूर्वा, फल और मिठाई अर्पित करें। विशेष रूप से पीले चावल, केसर युक्त खीर या बूंदी का भोग शुभ माना जाता है।

विद्यार्थी अपनी किताबें, कॉपी और कलम मां सरस्वती के चरणों में रखें। संगीत, कला और लेखन से जुड़े लोग अपने वाद्य यंत्रों और उपकरणों की पूजा करें।

पूजा के दौरान ह्लॐ ऐं सरस्वत्यै नमःह्व मंत्र का श्रद्धा से 108 बार जाप करें।

अंत में मां सरस्वती की आरती करें और प्रसाद सभी भक्तों में वितरित करें।

**वसंत पंचमी पर क्या करें**

इस दिन पीले या हल्के रंग के वस्त्र धारण करें, क्योंकि पीला रंग शुभ और सकारात्मक माना जाता है।

सात्विक और हल्का भोजन ग्रहण करें, जैसे खीर, फल या घर का बना शुद्ध भोजन।

पढ़ाई, लेखन, संगीत, चित्रकला जैसी विद्या और कला से जुड़े अभ्यास करें।

मां सरस्वती की पूजा कर ज्ञान, बुद्धि और एकाग्रता की कामना करें।

**वसंत पंचमी पर क्या न करें**

क्रोध करने और कठोर या अपशब्द बोलने से बचें, वाणी में मधुरता बनाए रखें।

मांसाहार, शराब या अत्यधिक मसालेदार जैसे तामसिक भोजन का सेवन न करें।

आलस्य, नकारात्मक विचार और समय की बबार्दी से दूर रहें।

इस दिन विद्या और संस्कार के विपरीत आचरण करने से बचना चाहिए।

# असिन फिर सुर्खियों में

## शादी की सालगिरह पर वायरल हुई तस्वीरें

पति राहुल शर्मा के पोस्ट से चर्चा में आईं अभिनेत्री



फिल्म अभिनेत्री असिन थोट्टुमकल एक बार फिर सुर्खियों में हैं। शादी के बाद फिल्मों से दूरी बनाने वाली असिन इन दिनों अपनी शादी की दसवीं सालगिरह को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उनके पति राहुल शर्मा ने शादी की कुछ दुर्लभ तस्वीरें साझा कीं, जिन्हें प्रशंसकों ने खूब पसंद किया। राहुल शर्मा ने सोशल मीडिया पर भावुक संदेश लिखते हुए असिन को अपने जीवन की सबसे अहम साथी बताया। तस्वीरों में असिन की सादगी और मुस्कान ने एक बार फिर फैंस का दिल जीत लिया। असिन ने भी इस खास मौके को बेहद सरल अंदाज में मनाया और अपनी बेटी की बनाई तस्वीर साझा की। असिन ने आमिर खान के साथ फिल्म 'गजनी' से हिंदी सिनेमा में खास पहचान बनाई थी। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया। वर्ष 2016 में विवाह के बाद उन्होंने अभिनय से दूरी बनाकर पारिवारिक जीवन को प्राथमिकता दी।

असिन के पति राहुल शर्मा देश के जाने-माने उद्योगपति हैं। उन्होंने मोबाइल फोन निर्माण क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। सीमित संसाधनों से शुरू किया गया उनका सफर आज उन्हें सफल कारोबारियों की सूची में शामिल करता है। अनुमान के मुताबिक उनकी संपत्ति हजार करोड़ रुपये से अधिक बताई जाती है।






# खतरों के खिलाड़ी-15 को लेकर बढ़ी हलचल

2026 में शुरू हो सकता है नया सीजन

रियलिटी शो प्रेमियों के लिए बड़ी खबर है। स्टंट आधारित लोकप्रिय कार्यक्रम खतरों के खिलाड़ी का पंद्रहवां सीजन वर्ष 2026 में शुरू होने की संभावना है। चर्चा है कि शो का प्रसारण गर्मियों के महीनों में किया जा सकता है, जबकि शूटिंग इससे पहले शुरू होगी। कार्यक्रम को लेकर प्रतिभागियों के नामों पर भी अटकलें तेज हैं। कुछ चर्चित टीवी चेहरे शो में नजर आ सकते हैं। पिछला सीजन विदेशी लोकेशन पर फिल्माया गया था और इस बार भी दर्शकों को नए रोमांचक स्टंट देखने को मिल सकते हैं।

शिवांगी जोशी का खुलासा

# आज भी देखती हूं कार्टून

टेलीविजन जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री शिवांगी जोशी अपने अभिनय के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि आज भी उन्हें बचपन के पसंदीदा कार्टून देखना बेहद पसंद है। अभिनेत्री ने बताया कि कार्टून उनके लिए आज भी सुकून और राहत का जरिया हैं। एक बातचीत के दौरान शिवांगी ने कहा कि ओसवाल्ड, नॉडी और डोरेमोन जैसे कार्टून उन्हें खास तौर पर पसंद हैं। ये कार्टून उनके बचपन की यादें ताजा कर देते हैं और मन को शांति देते हैं। जब उनसे उनके ह्यगिल्टी प्लेजरह्व के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि कार्टून लगातार देखना ही उनका सबसे बड़ा गिल्टी प्लेजर है। शिवांगी ने यह भी बताया कि उन्हें आज भी बार्बी की फिल्में देखना अच्छा लगता है। उनके मुताबिक, ऐसी चीजें उन्हें अच्छा महसूस कराती हैं और वह खुद को उनसे जुड़ा हुआ पाती हैं। अभिनेत्री ने कहा कि जब उनके पास खाली समय होता है और कोई काम नहीं होता, तो उन्हें बस आराम करना, सोना और कुछ भी न करना सबसे ज्यादा पसंद है। अपने करियर की बात करें तो शिवांगी जोशी कई लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने मेडिकल ड्रामा वेब सीरीज ह्यहार्टबीटह्व के जरिए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी कदम रखा है।



# सैफ अली खान ने दिखाया अपना आलीशान आशियाना

समुद्र किनारे बने घर की खूबियां आईं सामने



बॉलीवुड सुपरस्टार सैफ अली खान, जिन्हें पटौदी के नवाब के नाम से भी जाना जाता है, अपनी शाही जीवनशैली और लग्जरी पसंद के लिए मशहूर हैं। ऐतिहासिक पटौदी पैलेस से लेकर महंगी कारों और प्रीमियम संपत्तियों तक, उनकी हर प्रॉपर्टी में शान और सलीका झलकता है। इसी कड़ी में कतर में बना उनका नया घर भी खास जगह बना चुका है, जिसे अभिनेता अपने दिल के बेहद करीब बताते हैं। हाल ही में सैफ अली खान ने कतर में स्थित अपने घर से दूर घर की झलक साझा की। यह आलीशान आवास द पर्ल आइलैंड के सेंट रेजिस मार्सा अरबिया में स्थित है। करीब 15 करोड़ रुपये की लागत वाला यह आधुनिक दो बेडरूम का अपार्टमेंट है, जिसमें मेड रूम भी शामिल है। इसे खास तौर पर आराम, गोपनीयता और सुकून को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। घर की साज-सज्जा सादगी और शाही अंदाज का सुंदर मेल है। गहरे रंग की लकड़ी, हल्के क्रीम शेड्स, ऊंची छतें, संगमरमर का फर्श और बेडरूम में मुलायम कारपेट इसे खास बनाते हैं। हल्की रोशनी, लिनन के पर्दे और चुनिंदा कलाकृतियां घर को शांत और सुकूनभरा माहौल देती हैं। लिविंग और डाइनिंग एरिया में आधुनिक और पारंपरिक शैली का संतुलित संगम देखने को मिलता है। वहीं, घर की सबसे खास बात इसकी बड़ी बालकनी है, जहां से समुद्र और मरीना के मनमोहक नजारे दिखाई देते हैं। सैफ के मुताबिक, यही उनका पसंदीदा कोना है, जहां वह हर शाम सूरज ढलते वक्त की खूबसूरती और शांत माहौल का आनंद लेते हैं। मुंबई समेत अन्य शहरों में कई संपत्तियों के मालिक सैफ अली खान के लिए कतर का यह घर सुकून, शांति और निजी समय बिताने की एक खास जगह बन गया है।

# पावरप्ले में अभिषेक से बड़ा कोई हिटर नहीं !

टी20 में ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने




**नागपुर।** भारत ने नागपुर में खेले गए पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में 48 रन से जीत हासिल की। टीम इंडिया की जीत के हीरो रहे अभिषेक शर्मा, जिन्होंने 35 गेंद में 84 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और आठ छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 240.00 का रहा। अभिषेक ने इस पारी के साथ कई रिकॉर्ड्स भी बनाए। अभिषेक ने टी20 इंटरनेशनल में ऐसा प्रदर्शन किया है कि अब पावरप्ले में उनसे बड़ा हिटर शायद कोई नहीं दिखता। न्यूजीलैंड के खिलाफ नागपुर में उन्होंने गेंदबाजों को शुरूआत से ही दबाव में डाल दिया और सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक जमाकर नया इतिहास बना दिया। यह भारत की ओर से न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20कमें सबसे तेज फिफ्टी है। इससे पहले 2020 में केएल राहुल और रोहित शर्मा ने 23-23 गेंदों में पचासा लगाया था।

## पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के

अभिषेक शर्मा ने छह जुलाई 2024 को अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था और तब से अब तक वह पावरप्ले (पहले 6 ओवर) में वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं। अभिषेक ने छह जुलाई 2024 के बाद से अब तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में पावरप्ले यानी शुरूआती छह ओवरों में सबसे ज्यादा 49 छक्के लगाए हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान हैं। उनके नाम 28 छक्के हैं। कोई अभिषेक के आसपास नहीं है। ये आंकड़ा उनके अटैकिंग गेम को साफ दिखाता है।

पहले 6 ओवर में सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल छक्के

**(अभिषेक के डेब्यू के बाद से)**


| खिलाड़ी | छक्के | प्रति गेंद छक्के |
|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 49 | 8.6 |
| साहिबजादा फरहान | 28 | 15.0 |
| ब्रायन बेनट | 25 | 21.4 |
| शाई होप | 24 | 11.7 |

### तेज फिफ्टी लगाने में भी टॉप पर

अभिषेक ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 25 या उससे कम गेंदों में सबसे ज्यादा बार फिफ्टी लगाने के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे निकल गए हैं। अभिषेक ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में आठ बार 25 या इससे कम गेंदों में अर्धशतक जड़ा है। वहीं, इसके बाद फिल सॉल्ट, सूर्यकुमार यादव और एविन लुईस का नंबर आता है। इन तीनों ने सात-सात बार ऐसा किया है।

# भारतीय टीम ने जीता पहला टी20 मुकाबला

## अभिषेक के बाद शिवम-वरुण चमके



**नागपुर।** भारत ने 48 रन से न्यूजीलैंड को पहले टी20 मुकाबले में हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। बुधवार को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा (84) और रिंकू सिंह (44*) की तूफानी पारियों की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 238 रन बनाए। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत का इस टीम के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले भारतीय टीम ने 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 234/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट पर 190 रन ही बना पाई। उनके लिए ग्लेन फिलिप्स ने 78 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल ने एक-एक सफलता अपने नाम की।

### अर्शदीप और हार्दिक ने दिए शुरूआती झटके

239 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम पर शुरू से ही दबाव साफ नजर आया। शुरूआती ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लैंथ से रन गति पर अंकुश लगाया और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए। अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने शुरूआती झटके देकर कीवी बल्लेबाजी को बैकफुट पर धकेल दिया।

### वरुण और शिवम ने झटके दो-दो विकेट

लेकिन लगातार बढ़ते रन रेट और बड़े लक्ष्य के दबाव में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टिक नहीं सके। फिलिप्स के आउट होते ही रन गति फिर से धीमी पड़ गई। भारतीय स्पिनरों ने बीच के ओवरों में शानदार नियंत्रण दिखाया। वरुण चक्रवर्ती ने अहम मौकों पर दो विकेट झटके, जबकि शिवम दुबे ने भी दो सफलताएं हासिल कीं। अक्षर पटेल ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। आखिरकार न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन ही बना सकी और भारत ने यह मुकाबला 48 रनों से अपने नाम कर लिया, जिससे पांच मैचों की सीरीज में उसने 1-0 की बढ़त बना ली।

### फिलिप्स का अर्धशतक

हालांकि, बीच के ओवरों में ग्लेन फिलिप्स ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 40 गेंदों पर 78 रनों की विस्फोटक पारी खेली। फिलिप्स को मार्क चैपमैन (39 रन, 24 गेंद) का अच्छा साथ मिला और दोनों के बीच सात ओवरों में 79 रनों की साझेदारी हुई, जिससे एक समय मुकाबला रोमांचक नजर आने लगा।

## डब्ल्यूपीएल 2026: दिल्ली कैपिटल्स की विस्फोटक बल्लेबाज लिजेली ली पर जुर्माना



**वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की, लेकिन इसके बाद टीम को बड़ा झटका लगा है। बीसीए स्टेडियम में कैपिटल्स की सलामी बल्लेबाज लिजेली ली ने 46 रन की पारी खेली, लेकिन मुकाबले के दौरान कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही ली के खाते में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया है। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की प्रेस रिलीज में कहा गया है, ली ने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.2 के तहत लेवल 1 का अपराध स्वीकार किया। लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने अपने लेवल 1 के अपराध के साथ जुर्माने को स्वीकार कर लिया है। यह वाकया दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की बल्लेबाजी के दौरान हुआ। ली शानदार फॉर्म में नजर आ रही थीं। इस दौरान उन्होंने कुछ गेंदों को बाउंड्री के पार भी भेजा। हालांकि, 11वें ओवर में तीसरे अंपायर द्वारा रिव्यू के बाद उन्हें स्टंप आउट करार दिया गया।

# गुरुवार, 22 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन मंगलकारी रहेगा। आपका काम आज सुचारू रूप से चलेगा और आपको आज चतुराई अनुभव का भी लाभ मिलेगा। आपके साथ सहकर्मी आज आपकी पूरी सहायता करेंगे।

वृषभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज नौकरी में विपरीतलिंगी साथी सहकर्मियों से तालमेल बनाकर रखना चाहिए अन्यथा आपको मानसिक तनाव मिल सकता है। वैसे आज दिन के दूसरे भाग में कुछ नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपके ऊपर आज काम का दबाव बना रहेगा। कुछ पेंडिंग काम रहने से आप मानसिक तनाव महसूस कर सकते हैं। साथ सहकर्मियों से आपको आज तालमेल बनाकर रखना होगा नहीं तो आपको आज अपना काम पूरा कर पाने में परेशानी हो सकती है।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन मानसिक तनाव को बढ़ाने वाला है। राशि से अष्टम चंद्रमा हैं और राशि से द्वादश भाव में आज गुरु विराजमान है। ग्रहों की यह स्थिति बताती है कि आज आपके खर्च बढ़ने वाले हैं।

सिंह राशि के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा, आप आज जोखिम लेकर भी लाभ लेने से चूकेंगे नहीं। नौकरी में आज आपका काम सुचारु रूप से चलेगा। आप आज कोई नया काम या नई योजना का आरंभ कर सकते हैं।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन लाभदायक रहेगा। आज आज साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। विरोधी और शत्रु आज आपके उत्साह और साहस के सामने ठहर नहीं पाएंगे। जिन लोगों के काम का संबंध विदेश से है आज उनको भाग्य विशेष रूप से लाभ दिलाएगा।

तुला राशि के जातको के लिए आज गुरुवार का दिन सामान्य रूप से अच्छा है। आज राशि स्वामी शुक्र चतुर्थ भाव में जबकि चंद्रमा पंचम भाव में गोचर करते हुए आपके लिए लाभ और उन्नति का संयोग बना रहे हैं। आपको आज शिक्षा और शिक्षण कार्य के क्षेत्र में भाग्य का सपोर्ट मिलेगा।

वृश्चिक राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपके लिए भाग्य के दरवाजे खुले हुए हैं। आपको आज कार्यक्षेत्र में भाग्य सफलता प्रदान करेगा। आपको आज कोई नया काम या नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है। नौकरी में आज आपका प्रभाव बढ़ेगा, प्रमोशन का योग भी बना हुआ है।

धनु राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन अच्छा रहेगा। आप आज धर्म कर्म के काम में रुचि लेंगे, किसी वरिष्ठ व्यक्ति से आपको सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में आज का दिन आपका सुखद और अनुकूल बीतेगा।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन कामकाज और करियर के लिहाज से अच्छा है। आपको आज मकर राशि में बनने वाले चतुर्ग्रही योग का लाभ मिलेगा। बुद्धि और कार्यकुशलता से आप आज कठिन काम को भी पूरा कर पाएंगे। आपको आज साथी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन लाभ के साथ खर्चीला भी रहेगा। आपका कोई काम आज बनते-बनते अटक सकता है। सितारों की स्थिति से मालूम होता है कि आज आपकी राशि में चंद्रमा और राहु की युति बनी हुई जिससे आपको मानसिक उलझनों का सामना करना पड़ सकता है।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आज आपको मानसिक उलझन और तनाव का सामना करना पड़ सकता है। किसी साथी सहकर्मी के व्यवहार से आपको मानसिक चिंता परेशानी हो सकती है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# कमला नगर बाजार : सौंदर्यीकरण के साए में सिसकता व्यापार

**व्यापारियों की आमसभा में पार्किंग-शौचालय और उत्पीड़न के मुद्दे रहे प्रमुख**

एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर व्यापार संगठन समिति की स्थानीय बाजार की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण आमसभा कमला नगर स्थित होटल पार्कलेन में संपन्न हुई। सभा का शुभारंभ आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं कमला नगर व्यापार संगठन समिति के संरक्षक टीएन अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आमसभा की अध्यक्षता कमला नगर व्यापार संगठन समिति के अध्यक्ष अमित अग्रवाल पारुल ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय दुकानदारों ने अपनी समस्याएं आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल तथा क्षेत्रीय पार्षद पंकज अग्रवाल एवं प्रदीप अग्रवाल के समक्ष रखीं। अध्यक्ष अमित अग्रवाल पारुल ने कहा कि नगर निगम द्वारा कमला नगर को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाना एक सराहनीय पहल है, जिससे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और विकास हुआ है। किंतु यह सौंदर्यीकरण स्थानीय व्यापारियों के लिए धीरे-धीरे बड़ी समस्या बनता जा रहा है। विशेषकर त्योहारों के समय पार्किंग की समस्या विकराल रूप ले लेती है, जिसके कारण ग्राहक बाजार में आने से बचते हैं और इसका सीधा नुकसान स्थानीय दुकानदारों को



उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कमला नगर बाजार में सार्वजनिक शौचालय की भी गंभीर समस्या है। मॉडल रोड की योजना के दौरान नगर निगम द्वारा एक दर्जन से अधिक शौचालयों के निर्माण का प्रस्ताव दुकानदारों के समक्ष रखा गया था, किंतु वर्तमान में पानी की टंकी के पास केवल एक शौचालय ही बना हुआ है। उसकी भी नियमित साफ-सफाई और रखरखाव नहीं किया जाता, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर समिति के महामंत्री पुनीत मदान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष मित्तल, कोषाध्यक्ष उमेश अरोड़ा, संरक्षक योगेश अग्रवाल, नितिन चतुर्वेदी, मनीष अग्रवाल, पंकज गर्ग, विनय गुप्ता, राजकुमार शाक्य, गजेंद्र शर्मा, सागर वाधवानी, अनीश कालरा, हरीश शर्मा, रवि बंसल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# माताओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

**सरस्वती विद्या मंदिर में सप्त शक्ति कार्यक्रम का आयोजन**

**आगरा (एनएनआई)।** सरस्वती विद्या मंदिर, कमला नगर, सप्त शक्ति कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जागरूकता का विकास करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अलका सेन, वरिष्ठ महिला चिकित्सक रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं कुटुम्ब प्रबोधन पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रोफेसर बीना शर्मा पूर्व निर्देशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान ने महिलाओं की सात शक्तियों पर सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जया चतुर्वेदी, जुविनाइल जस्टिस बोर्ड ने की। उन्होंने माताओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पूनम पांडे एवं मधुरिमा शर्मा ने कुशलता पूर्वक किया।



आयोजन में रजनी गुप्ता, सरला भारद्वाज, रुचि जैन, सीमा शुक्ला, मणि गुप्ता, निधि अग्रवाल सहित अनेक सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कान्त द्विवेदी ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी अतिथियों, आयोजकों एवं सहभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# चरित्र निर्माण की नींव संस्कार और संस्कृति से होती है मजबूत : डॉ.राजकुमार शर्मा



- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, प्रज्ञा प्रवाह ब्रज प्रांत, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी के संरक्षण में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रज प्रांत के क्षेत्रीय अधिकारी एवं प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ. राजकुमार शर्मा रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि चरित्र निर्माण की नींव संस्कार और संस्कृति से मजबूत होती है। यदि युवा अपने जीवन में भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करें, तो उनका व्यक्तित्व स्वतः ही प्रभावशाली बनता है।

कार्यक्रम में ब्रज प्रांत की संरक्षक कैप्टन प्रो. रीता निगम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में गुरुकुल और गूगल दोनों को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है, तभी शिक्षा के साथ संस्कारों का संतुलन बन सकेगा और सर्वांगीण विकास संभव होगा।

आर. बी. एस. बिचपुरी कैंपस, कृषि संकाय के प्रोफेसर डी. एस. छोंकर ने अपने विचार रखते हुए सदा आशावादी रहने, अवगुणों का परित्याग करने तथा अच्छे कार्यों की प्रशंसा करने जैसे सकारात्मक व्यवहार को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। वहीं ब्रज प्रांत के सह-संयोजक एवं सह-आचार्य डॉ. अवधेश कुमार शर्मा ने लक्ष्य निर्धारण, दृढ़ संकल्प, चतुर निर्णय क्षमता और त्याग की भावना को चरित्र निर्माण के अनिवार्य गुण बताया। कार्यशाला में डॉ. राज श्री ने युवाओं को किसी भी वस्तु या आदत की अति से बचने की सीख दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज राठौड़ ने की। उन्होंने छात्रों को सदाचारी बनने तथा समाज में दूसरों के प्रति सद्भाव और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्रो. ऋषि रमन सिंह, डॉ. मुनीश कुमार, डॉ. चंद्रशेखर राठौड़, डॉ. भरत सिंह, डॉ. नीरज कुशवाह, डॉ. राधिका गोयल, रेखा माथुर, माधुरी कौशिक, आयुष शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

